न्यायालय उपखण्ड अधिकारी गडरारोड़ जिला बाड़मेर

पीठासीन अधिकारी सुरेश कुमार –I

राजस्व आवेदन सं. 42/2025

प्रार्थी	बनाम	विप्रार्थीगण
1. जगमाल राम पुत्र जोधाराम, जाति–जाट, नि0 देवडों की बस्ती तह0 गडरारोड़ जिला बाडमेर		1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार गडरारोड़ 2. उगरा पुत्र जोधा 3. सता पुत्र जोधा, जाति–जाट, नि0 देवडो की बस्ती तह0 गडरारोड़, जिला बाडमेर

उपस्थित :–1. श्री ब्रजमोहनसिंह वकील प्रार्थी
2. श्री कंवराज बैनिवाल वकील विप्रार्थी संख्या 2 से 3
3. राज पेरोकार तहसीलदार गडरारोड़

राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 131, 136 आर.एल.आर. एक्ट

–: आदेशः–

दिनांक : 15.01.2026

प्रार्थना पत्र के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार हैं कि पार्थी का संयुक्त खातेदारी का मौजा–बालेवा, पटवार मण्डल– बालेवा, तह0 गडरारोड़ मे खसरा नम्बर 743/607 रकबा 19.1902 हैक्टेयर आया हुआ है। जो प्रार्थी की खरीदसुद्दा सम्पति है जो प्रार्थी के पिता जोधाराम की मृत्यु के पश्चात् पारित नामान्तकरण संख्या 1140 करते समय हल्का पटवारी द्वारा लिपिकीय त्रुटि के कारण प्रार्थी का नाम जगमाल राम के स्थान पर जगरूप अंकित कर दिया गया। जबकि प्रार्थी के पिता जोधाराम के जगरूप नाम से कोई संतान नहीं थी। प्रार्थी के अन्य संयुक्त खातेदारी का खेत मौजा–देवडो की बस्ती तह0 गडरारोड़ में खसरा नम्बर 527, 528, 529, 533, 540 कुल रकबा 38.9144 हैक्टेयर तथा मौजा देवडो की बस्ती तह0 गडरारोड़ में खसरा नम्बर 545 रकबा 16.7378 हैक्टेयर आए हुए है। जिसमें प्रार्थी का सही नाम जगमाल दर्ज है। परन्तु ग्राम बालेवा मे प्रार्थी का नाम लिपिकीय त्रृटिवश क्रमशः जगरूप अंकित कर दिया गया। इस प्रकार मौजा–बालेवा पटवार मण्डल– बालेवा तह0 गडरारोड़ के खेत खसरा नम्बर 743/607 रकबा 19.1902 हैक्टेयर में प्रार्थी का नाम जगरूप के स्थान पर जगमाल राम राजस्व रेकर्ड में अपने नाम दुरस्त करवाने हेतु यह आवेदन प्रस्तुत किया है।

आवेदन पंजीयन कर तहसीलदार गडरारोड़ को जरिये नोटिस तलब किया गया। व्रिपार्थी संख्या 2 से 3 के अधिवक्ता कंवराज बैनिवाल द्वारा जवाब पेश कर प्रार्थी के नाम को सही करने मे अपनी सहमति प्रदान की है। प्रार्थी ने अपने आवेदन के समर्थन में विवादित भूमि की जमाबंदी, आधार कार्ड, मतदाता कार्ड आदि दस्तावेजात प्रस्तुत किये।

बहस सुनी गई।

विद्वान वकील प्रार्थी ने दौराने बहस निवेदन किया कि राजस्व रेकर्ड में प्रार्थी के बोलचाल का नाम दर्ज किये जाने से तथा उनके अन्य दस्तावेजात में नाम की भिन्नता होने से वे किसी प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे है। अतः प्रार्थी राजस्व रेकर्ड में अपने नाम दुरस्त करवाने के अधिकारी है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Suresh Kumar
Date: 2026.02.05 18:19:40 IST
Reason: SelfAttested

हमने प्रार्थी अधिवक्ता की बहस पर मनन किया तथा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गम्भीरतापूर्वक अवलोकन किया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अन्य समस्त दस्तावेजात मे उनके नाम जगमाल राम दर्ज है। किन्तु राजस्व रेकर्ड में उनकी प्रविष्टियां जगरूप के रूप में दर्ज की गई है। प्रार्थी के दस्तावेजात के अनुसार दुरस्त किये जाने में कोई आपति प्रतीत नहीं होती है।

लिहाजा प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम बालेबा, पटवार मण्डल–बालेबा, तहसील गडरारोड़ के खेत खसरा नम्बर 743/607 रकबा 19.1902 हैक्टेयर भूमि के राजस्व रेकर्ड में विद्यमान प्रविष्टि **जगरूप** को निरस्त करते हुए उसके स्थान पर "**जगमाल राम**" दर्ज करने के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार गडरारोड़ को तदनुसार दुरस्ती सुनिश्चित किये जाने हेतु आदेशित किया जाता है।

उपखण्ड अधिकारी
गडरारोड़

आदेश आज दिनांक 15.01.2026 को सरे इजलास सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
गडरारोड़

Signature Not Verified

Digitally signed by Suresh Kumar
Date: 2026.02.05 18:19:40 IST
Reason: SelfAttested